भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 743
26.06.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

यूएनएससी में सीट

743. श्री गोपाल शेट्टीः
श्री रेबती त्रिपुराः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (यूएनएससी) में स्थायी सीट प्राप्त करने के लिए कोई पहल की है या करने का विचार है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
(विदेश राज्य मंत्री)
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) भारत सरकार ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता को उच्चतम प्राथमिकता दी है। इस लक्ष्य के अनुसरण में सरकार ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर आवाज उठाने के साथ-साथ कई पहल की है। भारत संयुक्त राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार पर चल रही अंतर-सरकारी बातचीत में सक्रिय रूप से शामिल है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार हेतु संयुक्त राष्ट्र सदस्य राष्ट्रों का समर्थन प्राप्त करने के लिए जी-4 समूह (भारत,जापान,ब्राजील और जर्मनी) तथा एल.69 समूह (एशिया, अफ्रीका और लातिन अमरीका के विकासशील देशों का अंतर-क्षेत्रीय समूह) में अपनी सदस्यता के माध्यम से अन्य सुधार-उन्मुख देशों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

भारत के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप, कई देशों ने विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। इसे द्विपक्षीय अंतर-सरकारी बैठकों सहित विभिन्न रूपों में और मंचों पर व्यक्त किया गया है।

***